भारतीय रिज़र्व बैंक/ RESERVE BANK OF INDIA
मानव संसाधन प्रबंध विभाग (स्थापना)/ HRMD (Establishment)
कानपुर/ Kanpur

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

भारतीय रिज़र्व बैंक, कानपुर के औषधालय द्वारा जारी क्रेडिट स्लिप के प्रति सेवानिवृत्त/ सेवारत कर्मचारी/ पात्र आश्रितों को डोरस्टेप डिलीवरी तथा बैंक के औषधालयों को ड्रग्स और दवाओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदा

ई-निविदा सं. RBI/Kanpur Regional Office/Others/12/25-26/ET/958 (Supply of drugs and medicines)

बोली-पूर्व बैठक के कार्यवृत्त

शीर्षांकित निविदा के लिए बोली-पूर्व बैठक दिनांक 05 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी। भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारियों और पैनल में शामिल चार केमिस्ट्स ने इस बैठक में सहभागिता की।

सहभागियों का विवरण निम्नानुसार है:

भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से:

क्र. सं.	नाम	पदनाम
1.	श्री अजय प्रताप सिंह सिसोदिया	उप महाप्रबंधक, मासंप्रवि
2.	श्रीमती चित्रा हारोड़े	सहायक महाप्रबंधक, मासंप्रवि
3.	श्री आई.पी.एस गहलोत	प्रबंधक, स्थापना अनुभाग
4.	श्री सतेन्द्र सिंह	सहायक प्रबंधक, चिकित्सा अनुभाग
5.	श्री अभय गुप्ता	सहायक

केमिस्ट्स की ओर से प्रतिनिधि:

क्र. सं.	प्रतिनिधि का नाम	इच्छुक बोलीदाता का नाम (मेसर्स)
1.	श्री आशीष अग्रवाल	राजीव एजेंसीज़
2.	श्री आलोक पाल	साई एजेंसीज़
3.	श्री संदीप कुशवाहा	साई एजेंसीज़
4.	श्री अनिकेत ओझा	एनके केमिस्ट
5.	श्री पारस मिश्रा	न्यू मेडिसीन सेंटर

2. बैंक द्वारा ई-निविदा के संबंध में एक संक्षिप्त विवरण दिए जाने के उपरांत, पैनल में शामिल केमिस्ट द्वारा कुछ प्रश्न पूछे गए, जिनके बारे में बैंक द्वारा स्पष्टीकरण दिया गया। इन प्रश्नों का सार निम्नानुसार है:

क्र. सं.	प्रश्न	स्पष्टीकरण/ प्रतिक्रिया
1.	क्या थोक में दवाओं की आपूर्ति और क्रेडिट स्लिप द्वारा दवाओं की आपूर्ति के लिए अलग-अलग भाव/ कोट प्रस्तुत किए जाएंगे?	उक्त निविदा के प्रति बोली के लिए दोनों प्रकार से - थोक में और क्रेडिट स्लिप द्वारा दवाओं की आपूर्ति के लिए एकल संयुक्त बोली अपेक्षित है।
2.	दोनों औषधालयों द्वारा जारी की गई क्रेडिट स्लिप की आवृत्ति और मात्रा क्या है?	क्रेडिट स्लिप दोनों औषधालयों के कार्य दिवसों पर जारी की जाती हैं और उनकी संख्या मासिक आधार पर अलग-अलग होती है। दिनांक 31 जनवरी 2026 तक वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जारी की गई क्रेडिट स्लिप की कुल संख्या लगभग 3664 है।
3.	कानपुर नगर, कानपुर जिले और शहर से बाहर दवाओं की आपूर्ति के मामले में दवाओं की डिलीवरी का निर्धारित समय क्या है?	कानपुर नगर, कानपुर जिले और शहर से बाहर दवाओं की आपूर्ति की समय-सीमा क्रमशः टी+1, टी+2 और टी+3 दिन है।
4.	विक्रेताओं द्वारा भुगतान किए जा रहे एमएसटीसी प्रभारों के लिए क्या प्रावधान है?	उक्त निविदा में एमएसटीसी के नियम और शर्तों के अनुसार लागू प्रभार का वहन पूर्ण रूप से आवेदक (बोलीदाता) द्वारा किया जाएगा।
5.	औषधालयों में और क्रेडिट स्लिप के माध्यम से आपूर्ति के लिए दवाओं की आवश्यकता का क्या अनुपात होगा?	घर पर दवाओं की डिलीवरी और औषधालय में सीधी डिलीवरी के बीच दवाओं की आपूर्ति का अनुपात बैंक द्वारा औषधालय में दवाओं की आवश्यकता और उपलब्धता के अनुसार तय किया जाएगा।
6.	वर्तमान वित्त वर्ष में अब तक की गई दवाओं की कुल खरीद कितनी है?	वर्तमान तिथि की स्थिति के अनुसार, बैंक द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान रुपये 3.53 करोड़ (लगभग) की दवाएं खरीदी गई हैं।

3. इसके अलावा, निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वे समयबद्ध रूप से एमएसटीसी के माध्यम से बोलियां लगाएं ताकि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर वे निविदा बंद होने के समय के भीतर ही उक्त मामले को हल करने के लिए एमएसटीसी कर्मियों से संपर्क कर सकें।

4. उक्त कार्यवृत्त को निविदा के एक भाग के रूप में माना जाए। निविदा की अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक
कानपुर